कार्यालय जनपद न्यायाधीश, अम्बेडकरनगर।

सूचना

सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय में राजकीय वाहन, पेट्रोल अम्बेस्डर कार नं0–यू0पी0 45जी– 0124 की नीलामी दिनांक–13.07.2023 को समय 4.00 बजे जनपद न्यायालय के मीटिंग हाल में सम्पादित की जायेगी। नीलामी में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अग्रिम जमानत के रूप में रू0–5,000/– नजारत अनुभाग में जमा करना होगा। तदोपरान्त नीलामी में भाग ले सकते हैं, साथ ही परिचय पत्र के रूप में वोटर कार्ड अथवा आधारकार्ड की प्रति जमा करें। नीलामी जिस व्यक्ति के पक्ष में होगी उस व्यक्ति को नीलामी की समस्त धनराशि उसी दिन नजारत अनुभाग में जमा करना होगा। उक्त वर्णित नीलामी के संबंध में कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार की जानकारी चाहता है तो वह किसी भी कार्य दिवस में नजारत अनुभाग से कार्यालय समय में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वाहन जिस हालात में खड़ी है उसी हालत में नीलाम होगी। नीलामी लेने वाले व्यक्ति नीलामी से पूर्व उक्त वाहन को देख सकते हैं।

नीलामी की सूचना माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद व जनपद न्यायालय अम्बेडकरनगर की वेबसाइड पर अपलोड कराया जाय।

दिनांक– 22जून, 2023

22/6/23
(शैलेश कुमार मौर्य)
अध्यक्ष नीलामी समिति/
सि.जज.सी.डि. त्वरित
अम्बेडकरनगर

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1–कार्यालय जिलाधिकारी, अम्बेडकरनगर के नोटिस बोर्ड पर।
2–कार्यालय जिला विकास अधिकारी, अम्बेडकरनगर के नोटिस बोर्ड पर।
3–कार्यालय अध्यक्ष जिला पंचायत, अम्बेडकरनगर के नोटिस बोर्ड पर।
4–तहसील अकबरपुर, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, नगर पालिका अकबरपुर के नोटिस बोर्ड पर।
5–ए0आर0टी0ओ0, अम्बेडकरनगर के नोटिस बोर्ड पर।
6–न्यायालय भवन के मुख्य नोटिस बोर्ड पर।
7–जिला सूचना अधिकारी, अम्बेडकरनगर को समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन कराने हेतु।
8–स्थानीय समाचार पत्र तरूण मित्र प्रकाशन हेतु।
9–सिस्टम आफीसर कम्प्यूटर अनुभाग।

दिनांक–22जून, 2023

22/06/23
(शैलेश कुमार मौर्य)
अध्यक्ष नीलामी समिति/
सि.जज.सी.डि. त्वरित
अम्बेडकरनगर